समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# पाकिस्तान को करारा जवाब! अजीत डोभाल की बीजिंग मे वांग यी से मुलाकात, आतंकवाद पर सख्त संदेश।

Publisher
Published on 24 Jun 2025



## बीजिंग मे अंजीत डोभाल ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी से की मुलाकात, आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की वकालत की।

**अजित डोवाल मीट्स : राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजीत डोभाल** ने सोमवार, 23 जून 2024 को **बीजिंग मे चीनी विदेश मंत्री वांग यी** से मुलाकात की। यह बैठक **शंघाई सहयोग संगठन (SCO)** के सदस्य देशों के **शीर्ष सुरक्षा सलाहकारों** के सम्मेलन के अवसर पर हुई। डोभाल ने इस बातचीत के दौरान **आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की जरूरत पर जोर दिया**।

**विदेश मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार,**
"एनएसए ने समग्र क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए सभी प्रकार के आतंकवाद का मुकाबला करने की आवश्यकता पर बल दिया।"

यह बयान ऐसे समय आया है जब पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।

### भारत-चीन संबंधों पर भी चर्चा

इस मुलाकात में भारत और चीन के बीच **हाल के द्विपक्षीय घटनाक्रमों की समीक्षा** की गई। दोनों पक्षों ने **जनता के बीच संपर्क बढ़ाने** और **द्विपक्षीय संबंधों** को **नई दिशा** देने की बात पर सहमति जताई। डोभाल और वांग यी ने **वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों** पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

**भारत मे होंने वाली विशेष प्रतिनिधि वार्ता का संकेत**

विदेश मंत्रालय ने बताया कि अजीत डोभाल ने चीन को **विशेष प्रतिनिधि वार्ता के 24वे दौर** के लिए **भारत आने का न्योता** भी दिया है। इस वार्ता की तिथि दोनों देशों की आपसी सहमति से तय की जाएगी।

**डोभाल का पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश**

डोभाल की टिप्पणी को **सीधे तौर पर पाकिस्तान के लिए सख्त संदेश** माना जा रहा है। SCO जैसे मंच पर आतंकवाद के मुद्दे को प्रमुखता देना यह दिखाता है कि भारत **कूटनीतिक और रणनीतिक स्तर पर पड़ोसी देश की दोहरी नीति को उजागर करने मे कोई कसर नहीं छोड़ रहा**।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.